# बेच रहे थे नकली पंखे, छापे में पकड़े गए

Publish Date:Fri, 21 Jun 2019 06:30 AM (IST)



सीतापुर: बाजार में ऊषा कंपनी के नकली पंखों की खेप पकड़ी गई है। पुलिस ने पंखे कब्जे में लेने के साथ तीन दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये नकली पंखे कानपुर व गाजियाबाद से लाकर बेचे जा रहे थे।

ऊषा कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर रवि कुमार गुरुवार को एसपी एलआर कुमार से मिले। यहां पर उन्होंने शिकायत की, कि सीतापुर बाजार में ऊषा कंपनी के नकली पंखे बेचे जा रहे हैं। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छापेमारी के निर्देश दिए। इस पर रोडवेज चौकी प्रभारी अजय सिंह ने पुलिस टीम व ऊषा कंपनी के मैनेजर के साथ शहर गांधी पड़ाव पर अनुराग, अशोक कुमार व करनताल सिंह की दुकानों पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने 20 से अधिक ऐसे पंखे बरामद किए, जो नकली थे। नकली पंखे बरामद होते ही पुलिस ने करनताल सिंह, अशोक कुमार व अनुराग को गिरफ्तार कर लिया। ऊषा कंपनी के मैनेजर रवि कुमार ने बताया कि पंखों पर जाली टॉल फ्री नंबर था, इसके साथ एमआरपी भी गलत पड़ी थी। कंपनी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच की तो पता चला कि बाजार में नकली पंखे बेचे जा रहे हैं। चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि अभी तक पूछताछ में बताया जा रहा है कि दुकानदार यह माल गाजियाबाद व कानपुर से ला रहे थे। जांच जारी है। पुलिस की इस छापेमारी के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विक्रेताओं ने आनन फानन अपनी दुकानों को बंद कर दिया।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/sitapur-arrest-19330471.html